समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026

# गांव बेर मे संरकारी विद्यालय को मिला विकास का तोहफा, इंटरलॉक गली और आधुनिक प्याऊ का हुआ लोकार्पण।

Publisher

Published on 12 May 2025



सवांदाता,भादरा,हनुमानगढ़,(राजस्थान)

## गांव बेर मे इंटरलॉक गली व प्याऊ का लोकार्पण समारोह।

**भादरा,(हनुमानगढ़):** राजस्थान के गांव **बेर, तहसील भादरा, जिला हनुमानगढ़** में एक ऐतिहासिक और विकासमूलक कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें सरकारी विद्यालय में **भामाशाह रोशन लाल जी मित्तल** द्वारा बनवाई गई अत्याधुनिक **प्याऊ** का लोकार्पण किया गया। इसके साथ ही **स्थानीय विधायक निधि (MLA LAD)** से 20 लाख रुपये की लागत से बनी **इंटरलॉक गली** और **विद्यालय** में नवनिर्मित प्रार्थना स्थल का उद्घाटन भी किया गया।

इस अवसर पर **भामाशाह रोशन लाल जी मित्तल** ने विद्यालय में प्रार्थना स्थल हेतु **टीन शैड** निर्माण की घोषणा कर ग्रामीणों के बीच एक नई ऊर्जा का संचार किया। कार्यक्रम में भाग लेने आए अतिथियों का ग्रामीणों द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया।

इस शुभ अवसर पर पं**चायत समिति प्रधान श्री.अनिल जी ओलख, सीबीओ श्री जैनेद्रं खन्ना, प्रधानाचार्या श्रीमती सुनीता जी जांगिड़, मंडल अध्यक्ष श्री सत्यप्रकाश चाहर, समाजसेवी श्री हरिप्रकाश शर्मा, श्री कुलदीप जांगिड़, सरपंच श्री लालचंद शर्मा, श्री पुरुषोत्तम कालीरावना, महामंत्री श्री दिलावर वर्मा, श्री रामप्रवेश मैहण, भामाशाह श्री देवीलाल ढाका, श्री महेन्द्र चौहान, श्री सुभाष जेवलीया (उपसरपंच), श्री श्योदत भोबिया, श्री प्रताप शर्मा, श्री पृथ्वीराज बिश्नोई, श्री देवीलाल शर्मा, श्री ककूराम तेतरवाल, श्री शंकर शर्मा, श्री कृष्ण शर्मा, श्री महावीर इंदलिया** और **श्री.लक्ष्मण शर्मा** जैसे अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

विद्यालय की **प्रधानाचार्या सुनीता जांगिड़** ने इस विकास कार्य के लिए सभी सहयोगकर्ताओं का आभार प्रकट किया और कहा कि इस प्रकार की पहलें न केवल विद्यालय की सूरत बदलती हैं, बल्कि बच्चों के मनोबल और शैक्षणिक वातावरण को भी सशक्त करती हैं।

ग्रामवासियों ने **भामाशाह रोशन लाल मित्तल** एवं सभी जनप्रतिनिधियों का हृदय से आभार व्यक्त किया और ऐसे ही कार्यों को जारी रखने की अपील की। यह कार्यक्रम न केवल सामाजिक सौहार्द का उदाहरण बना, बल्कि विकास के प्रति ग्रामीणों की जागरूकता और संकल्प को भी दर्शाता है।

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.